भारत सरकार
श्रम और रोजगार मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या- 369
सोमवार, 05 फरवरी, 2024/16 माघ, 1945 (शक)

उच्च बेरोजगारी दर

369. श्री दिनेश चन्द्र यादव:
श्री संतोष कुमार:

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या आज की तारीख के अनुसार, देश में बेरोजगारी की दर अब तक की सबसे अधिक दर है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या रेल मंत्रालय और अन्य मंत्रालयों में नियुक्तियां रद्द या निलंबित कर दी गई हैं;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) क्या सरकार पिछले नौ वर्षों में केवल 7 लाख 22 हजार युवाओं को ही रोजगार दे पाई है?

उत्तर
श्रम और रोजगार राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(क) से (ङ): सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा वर्ष 2017-18 से करवाए जा रहे आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) से रोजगार और बेरोजगारी के आंकड़े एकत्र किए जाते हैं। इस सर्वेक्षण की अवधि, जुलाई से अगले वर्ष जून तक होती है।

नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 के दौरान सामान्य स्थिति के आधार पर 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों का अनुमानित कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर), बेरोजगारी दर (यूआर) निम्नानुसार थी:

वर्ष	डब्ल्यूपीआर (% में)	यूआर (% में)
2017-18	46.8	6.0
2018-19	47.3	5.8
2019-20	50.9	4.8
2020-21	52.6	4.2
2021-22	52.9	4.1
2022-23	56.0	3.2

स्रोत: पीएलएफएस, एमओएसपीआई

यह आंकड़ें दर्शाते हैं कि पिछले कुछ वर्षों में देश में बेरोजगारी दर में गिरावट की प्रवृत्ति है और रोजगार को दर्शाने वाला कामगार जनसंख्या अनुपात बढ़ रहा है और देश में वर्ष 2017-18 से वर्ष 2022-23 के दौरान रोजगार में 9.2% की बढ़ोतरी हुई है।

केंद्र सरकार में पदों का सृजन और उन्हें भरना संबंधित मंत्रालय/ विभाग की जिम्मेदारी है। विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में रिक्तियों को भरना एक सतत प्रक्रिया है और संबंधित भर्ती नियमों के प्रावधानों के अनुसार रिक्तियों को भरने का प्रयास किया जाता है।

*****